INDIAN SCHOOL SOHAR
FINAL EXAM (2018-19)
**विषय: हिंदी (पाठ्यक्रम-ब)**

No. of printed pages-6

**दिनांक :** 07-03-2019 **पूर्णांक : 80**

**कक्षा :** IX **समय : 3 घण्टे**

**निर्देश : 1** इस प्रश्न-पत्र में **चार खंड** हैं- **क, ख, ग** और **घ**।
**2** चारो खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।
**3** यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रम से लिखिए।
**4** उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

---

## (खण्ड- क) (अपठित बोध)

## प्रश्न 1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

दूरदर्शी व्यक्ति हमेशा सभी में कुछ न कुछ विशेष करने की क्षमता देखता है। वह कभी भी किसी को हतोत्साहित नहीं करता,वह उत्साह भरकर दूसरे में भी क्षमता पैदा कर देता है, शरीर में प्राण और नई ऊर्जा का संचार कर देता है क्योंकि वह यह महसूस करता है कि इनमें से कौन राष्ट्र व वृहद समाज के लिए कुछ बेहतर कर जाए, कौन जानता है? डॉ० जाकिर हुसैन की भावनाएँ भी इन तथ्यों से ओत-प्रोत थीं।उन्होंने कहा -" मैं एक मामूली अध्यापक हूँ और इस बात का मुझे फक्र है।आप सबसे निवेदन है कि अगर हम चाहते हैं कि हमारा देश तरक्की करे और देश में खुशहाली आए तो सबसे पहले बच्चों की तालीम पर ध्यान देना चाहिए।हम बच्चों को इज्जत दें,उनका सम्मान करें और सही तालीम दें।कौन जानता है इन्हीं बच्चों में से महात्मा गाँधी, जवाहर लाल और रवींद्र नाथ निकल आएँ।"

**प्रश्न (क)** डॉ० जाकिर हुसैन ने देश की तरक्की के लिए सबसे क्या निवेदन किया? 2

**प्रश्न (ख)** गद्यांश के आधार पर दूरदर्शी व्यक्ति की विशेषताएँ लिखिए। 2

**प्रश्न (ग)** देश के विकास का आधार किसे और क्यों माना है? 2

**प्रश्न (घ)** डॉ० जाकिर हुसैन को किस बात पर फक्र है? 2

**प्रश्न (ङ)**`हतोत्साहित` शब्द में से प्रत्यय अलग करके लिखिए। 1

**प्रश्न 2- निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

**हैं जन्म लेते जगह में एक ही।**
**एक ही पौधा उन्हें है पालता ।।**
**रात में उन पर चमकता चाँद भी।**
**एक ही -सी चाँदनी डालता।।**
**मेह उन पर है बरसता एक -सा।**
**एक सी उन पर हवाएँ हैं बही।।**

पर सदा ही यह दिखाता है हमें।
ढंग उनके एक - से होते नहीं।।
छेदकर काँटा किसी की उँगलियाँ।
फाड़ देता है किसी का वर वसन।।
प्यार - डूबी तितलियों को पर कतर।
भौंर का है बेध देता श्याम तन।।
फूल लेकर तितलियों को गोद में।
भौंर को अपना अनूठा रस पिला।।
निज सुगंधों औ' निराले रंग से।
है सदा देता कली जी की खिला।।
है खटकता एक सब की आँख में।
दूसरा है सोहता सुर-शीश पर।।
किस तरह कुल की बड़ाई काम दे।
जो किसी में हो बड़प्पन की कसर।।

**प्रश्न (क)** काव्यांश में कवि ने किस-किस के गुणों और दुर्गुणों का उल्लेख किया है? 2

**प्रश्न (ख)** एक ही पौधे से जन्म लेने वाले फूल और काँटे की माता -पिता के समान परवरिश कौन-कौन करता है ? 2

**प्रश्न (ग)** 'फूल' और ' चाँद' शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। 2

अथवा

**प्रश्न 2 - निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

हँस लो दो क्षण खुशी मिली गर
वरना जीवन-भर क्रंदन है।
किसका जीवन हँसी - खुशी में
इस दुनिया में रहकर बीता?
सदा - सर्वदा संघर्षो को
इस दुनिया में किसने जीता?
खिलता फूल म्लान हो जाता
हँसता-रोता वमन-चमन है।
कितने रोज़ चमकते तारे
कितने रह-रह गिर जाते हैं,

**हँसता शशि भी छिप जाता है**
**जब सावन घन घिर आते हैं।**
**उगता-ढलता रहता सूरज**
**जिसका साक्षी नील गगन है।**

**प्रश्न (क)** काव्यांश में नील गगन किसका साक्षी है और सावन घन घिर आने पर क्या होता है?

**प्रश्न (ख)** कवि दो क्षण के लिए मिली खुशी पर हँसने के लिए क्यों कह रहे हैं?

**प्रश्न (ग)** 'गगन' और ' सूरज' शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

## (खण्ड- ख) ( व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न 3 (क) वर्ण - विच्छेद कीजिए -( कोई दो )** 1

विरुद्ध , तृतीय , त्रिभुज , सृष्टि

**(ख) वर्ण - संधि कीजिए - ( कोई दो )** 1

क् + अ + व् + अ + य् + इ+त् + र् + ई

ग् + र् + आ + म् + ई + ण् + अ

ड् + र् + आ + म् + आ

**प्रश्न 4 (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों में से उपसर्ग मूल शब्द व प्रत्यय अलग करके लिखिए -** 3

समादरित , तत्कालीन , प्रभावित

**प्रश्न 5 (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों में उचित स्थानों पर अनुस्वार का प्रयोग करके शब्द पुन: लिखिए -** 1

डडा , स्वतत्र , सयुक्त

**(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों में उचित स्थानों पर अनुनासिक का प्रयोग करके शब्द पुन: लिखिए** 1

काप , यहा , आख

**(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों में उचित स्थानों पर नुक्ते का प्रयोग करके शब्द पुन: लिखिए -** 1

राज , खुदा , डिवीजन

**प्रश्न 6 (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो में संधि-विच्छेद कीजिए -** 2

स्वागत , उल्लास , वार्तालाप

**(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो में संधि कीजिए -** 2

दिक् + गज , कपि +ईश , मत + ऐक्य

**प्रश्न 7** (क) **निम्नलिखित में से किन्हीं दो विराम- चिह्नों के नाम लिखिए ।** 3

(I) - (II) ? (III) : (IV) ^

(ख) **निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम -चिह्नों का प्रयोग कर वाक्य पुन लिखिए :**

बालक खेलते खेलते गिर गया

**अथवा**

आलस्य मनुष्य का शत्रु है इससे दूर रहो

## (खण्ड- ग) ( पाठ्य - पुस्तक)

**प्रश्न 8 - पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) कौन-सा कार्य देश की स्वाधीनता के विरुद्ध समझा जाएगा ? 2

(ख) सत्कार की उष्मा समाप्त होने पर क्या हुआ? 2

(ग) अग्रिम दल का नेतृत्व कौन कर रहा था ? 1

**अथवा**

सनातन कीचड़ कहाँ देखने को मिलता है ?

**प्रश्न 9 -** पास-पड़ोस की दुकानों से पूछने पर लेखक को क्या पता चला? 'दुख का अधिकार' पाठ के आधार पर लिखिए। 5

**अथवा**

महादेव जी की लिखावट की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

**प्रश्न 10 -पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) कवि किन पुराने निशानों की सहायता से अपनी मंजिल पर पहुँचा करता था? 2

'नए इलाके में' कविता के आधार पर लिखिए।

(ख) आदमी की विभिन्न प्रवृत्तियों का उल्लेख 'आदमीनामा ' कविता के आधार पर कीजिए। 2

(ग) जेल में अछूत पिता का समय किस भाँति बीता? 1

**अथवा**

रहीम के अनुसार कौन - सा जल धन्य है ?

**प्रश्न 11 -** ' जीवन संघर्ष का ही नाम है'। 'अग्नि पथ' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 5

**अथवा**

'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता को लिखने का मुख्य उद्देश्य क्या है?

**प्रश्न 12 -** "यह धर्मयात्रा है। चलकर पूरी करूँगा।"- गांधी जी के इस कथन से उनके किन चारित्रिक गुणों का परिचय प्राप्त होता है? ' दिये जल उठे ' पाठ के आधार पर लिखिए। 5

**अथवा**

गिल्लू को मुक्त करने की आवश्यकता क्यों समझी गई और उसके लिए लेखिका ने क्या उपाय किया?

## (खण्ड- घ) ( लेखन)

**प्रश्न 13 -** दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **किसी एक** विषय पर लगभग **80** से **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 5

(क) फेसबुक और युवा वर्ग

(i) अभिप्राय
(ii) मित्रता का माध्यम
(iii) उपयोग
(iv) लाभ और हानियाँ

(ख) स्मार्ट क्लास की उपयोगिता

(i) छात्रों की अधिक सक्रियता
(ii) विषय - वस्तु का अधिगम
(iii) कम समय में अधिक जानकारी प्राप्त करना
(iv) छात्रों पर प्रभाव

(ख) बीता अवसर हाथ नहीं आता

(i) अभिप्राय
(ii) समय लौटता नहीं
(iii) उचित समय का उचित लाभ लेना आवश्यक
(iv) कोई उदाहरण या सूक्ति

**प्रश्न 14-** बीमारी के कारण परीक्षा न दे पाने वाले अपने छोटे भाई को प्रेरणा पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

अस्पताल में दाखिल हुए अपने किसी दुर्घटनाग्रस्त मित्र को सांत्वना देते हुए एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न 15-** सुबह योगाभ्यास से होने वाले लाभों पर दो मित्रों के बीच हुए वार्तालाप को लगभग **50** शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए। 5

**अथवा**

मकान मालिक और किराएदार के बीच हुए वार्तालाप को लगभग **50** शब्दों मे संवाद के रूप में लिखिए।

**प्रश्न 16-** आपके शहर में एक नई कारों का शोरूम खुला है। इसके प्रचार के लिए **25** से **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

**अथवा**

आपके शहर में साड़ियों की सेल लगी है। इसके प्रचार के लिए **25** से **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**प्रश्न 17-** दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने मन में उभरे विचारों को **25** से **30** शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। 5
विचारों का वर्णन चित्र से संबद्ध होना चाहिए।

